मूल विज्ञान केंद्र में पेमेंट सीट के माध्यम से 20 सीटों की वृद्धि

कार्यपरिषद् में लिए गये निर्णय अनुसार मूल विज्ञान केंद्र, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में इस सत्र से अतिरिक्त 20 विद्यार्थी और प्रवेश ले सकेंगे। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सीट वृद्धि की माँग लम्बे अरसे हो रही थी, अतः विश्वविद्यालय ने संसाधनों एवं पाठ्य–संरचना को ध्यान में रखते हुए 10 सीट बायोलॉजी संकाय एवं 10 सीट गणित संकाय में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से सीबीएस में 20 अतिरिक्त छात्र मेरिट से प्रवेश पा सकेंगे। इस सीटों पर प्रवेशित छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं प्रदान की जा सकेगी, ज्ञातव्य है कि इस सत्र में यहाँ प्रवेश के लिए 3600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके लिए 20 जून को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। **20 सीटों में प्रवेश CBS EST- 2023 प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को ही अतिरिक्त सीट में प्रवेश दिया जावेगा।**

इन 20 सीटों के लिए प्रति सेमेस्टर रू. 20,000/– फीस देय होगा। इन सीटों में प्रवेश के लिए दिनांक 28/07/2023 से पंजीकरण प्रारंभ होगा, पंजीकरण की अंतिम तिथि 04/08/2023 है। इच्छुक छात्र–छात्राओं को गुगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा। उसके पश्चात् पंजीकृत अभ्यार्थियों से ही मेरिट के आधार पर इन 20 सीटों का प्रवेश होगा। सभी सूचनाएँ वि.वि के वेबसाइट www.prsu.ac.in व www.prsuuniv.in में प्राप्त किया जा सकता है।